पंजाब केसरी 14/02/2023

# स्वयंसेवकों को पढ़ाया ट्रैफिक नियमों का पाठ

अम्बाला छावनी, 13 फरवरी (कोचर): कैंट के जी.एम.एन. कालेज में एन.एस.एस. यूनिट द्वारा खुड्डा कलां में चलाए जा रहे 7 दिवसीय शिविर के 5वें दिन का आरंभ योग की विभिन्न मुद्राओं से हुआ। एन.एस.एस. गीत के द्वारा स्वयंसेवकों में जोश भरा गया।

सत्र के आरंभ में महाविद्यालय के रोड सेफ्टी क्लब के सहयोग से अनिल कुमार शर्मा, सब इंस्पैक्टर ट्रैफिक पुलिस द्वारा ट्रैफिक संबंधित नियम एवं चालान आदि से स्वयंसेवकों को परिचित करवाया गया।

उन्होंने बताया ट्रैफिक पुलिस वालों को हमें अपना दोस्त समझना चाहिए, क्योंकि तुम्हारे सहयोग और सहायता के लिए वे सदैव तत्पर है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा दिए गए 112 नंबर पर आप अपनी कोई भी समस्या बता सकते है।

कालेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने बताया कि एन.एस.एस. शिविर में अनेक तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को इसमें ट्रैफिक संबंधित सावधानियों से हमारे स्वयंसेवकों को परिचित करवाया गया।

डा. धर्मवीर सैनी ने बताया कि शिविर में स्वयंसेवकों को ट्रैफिक नियमों के बारे में बताया गया। डा. अनीश ने बताया कि विद्यालय एवं महाविद्यालय में सत्र में 2 बार इस तरह के प्रशिक्षण देने चाहिए।



स्वयंसेवकों को जानकारी देते ट्रैफिक सब इंस्पैक्टर। (चंद्रमोहन)